उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की 214 वीं बैठक
दिनांक 27, जुलाई, 2010 का कार्यवृत्त

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की 214वीं बैठक परिषद अध्यक्ष श्री नसीमउद्दीन सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

1	श्री नसीमउद्दीन सिद्दकी	मानीय अध्यक्ष, उ0प्र0 आवास एंव विकास परिषद।	अध्यक्ष
2	डॉ जे0एन0 चैम्बर	प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग।	सदस्य
3	श्री एम0वी0एस0रामी रेड्डी	आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद	सदस्य
4	श्री विमल प्रकाश	विशेष सचिव प्रतिनिधि प्रमुख सचिव वित्त,उ0प्र0शासन	सदस्य
5	सुश्री नीरजा कृष्णा	संयुक्त निदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो निदेशालय, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव,सार्वजनिक उद्यम विभाग,उ0प्र0शासन।	सदस्य
6	श्री राजेश नाथ मिश्र	वास्तुविद नियोजक, प्रतिनिधि मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक,उ0प्र0	सदस्य
7	श्री यू0के0 गुप्ता	वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद।	सदस्य
8	श्री एस0एन0 राम	मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद।	सदस्य
9	श्री सी0पी0 शर्मा	मुख्य वास्तुविद नियोजक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद।	सदस्य

सर्वप्रथम आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद ने, निदेशक मण्डल तथा आवास एवं विकास परिषद की ओर से अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया। इसके पश्चात परिषद बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न मदों पर निम्न प्रकार निर्णय लिये गये।

मद सं0	विषय	संक्षिप्त विवरण
214/1	परिषद की 213वीं बैठक दिनांक 26 मार्च, 2010 के कार्यवृत्त की पुष्टि।	परिषद की 213वीं बैठक के कार्य वृत्त की पुष्टि की गयी।
214/2	परिषद की 213वीं बैठक दिनांक 26 मार्च, 2010 की अनुपालन आख्या।	अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

अभियंत्रण अनुभाग

214/3	मझोला योजना संख्या–4भाग–2 मुरादाबाद के सेक्टर–10 में 2x20 एम0वी0ए0क्षमता के 132/33के0वी0 विद्युत सब स्टेशन के निर्माण के सम्बन्ध में।	मझोला योजना संख्या–4भाग–2 मुरादाबाद के सेक्टर–10 में 2x20 एम0वी0ए0क्षमता के 132/33 के0वी0 विद्युत सब स्टेशन के निर्माण की कार्योन्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।
214/4	ठेकेदारो के पंजीकरण सम्बन्धी नियमो में लोक निर्माण विभाग के शासनादेश संख्या 3460/23–7–08–41एम.एस.ए. /54टी.सी..।।।/ लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 28.07.08 के सापेक्ष व्यवस्था लागू करने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

समन्वय कोष्ठ

214/5	परिषद कार्मिकों के चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावों पर निदेशक मण्डल की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/6	निष्प्रयोज्य घोषित 05 नग वाहनो के विरूद्ध 05 नये वाहन क्रय करने की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

प्रशासन अनुभाग

214/7	अधीक्षण अभियंता के पदो पर पदोन्नति के सम्बन्ध में	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/8	परिषद में कार्यरत वाहन चालको के पुनरीक्षित वेतन संरचना में स्वीकृत वेतनमान में एक माह के मूलवेतन के बराबर मानदेय दिए जाने के सम्बंध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/9	परिषद कार्मिकों को दिनांक 01 जुलाई 2009 से पुनरीक्षित दर से महगाई भत्ता अनुमन्य किए जाने के सम्बन्ध में।	शासन में उच्चाधिकार प्राप्त समिति को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।
214/10	वेतन समिति (2008) के सातवें प्रतिवेदन की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद के कार्यप्रभारित कार्मिकों को पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन तथा अन्य भत्ते एवं सुविधाओं की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव स्थगित किया गया। वित्तीय व्यय भार का आंकलन करके अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाय।
214/11	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दिए जा रहे स्थानीय भत्ता (Conveyance Allowance) की धनराशि में वृद्धि करने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव स्थगित किया गया।
214/12	परिषद के कार्मिकों को दिनांक 01जनवरी 2010 से महगाई भत्ता 35 प्रतिशत की दर से अनुमन्य किए जाने के सम्बन्ध में।	शासन में उच्चाधिकार प्राप्त समिति को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।
214/13	चतुर्थश्रेणी के चपरासी/अर्दली का पदनाम परिवर्तित कर "अनुसेवक" पदनाम दिए जाने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव निरस्त किया गया।
214/14	परिषद के अभियंता अधिकारियो को दिनांक 31.12.02 तक अनुमन्य जलनिगम की भॉति समयमान वेतनमान की सुविधा को दिनांक 30.11.08 तक बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।	वित्तीय व्यय भार का आकलन करके आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाय।

214/15	परिषद में वित्त एवं लेखा संवर्ग में लेखाधिकारी के पदों के सृजन के सम्बन्ध में।	सभी बिन्दुओ पर विचार करके एक सुविचारित आख्या आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की जाय।
214/16	चतुर्थ श्रेणी (समूह–घ) के कर्मचारियों के लिए तृतीय श्रेणी (समूह–ग) के न्यूनतम श्रेणी के लिपिकीय पदों में पदोन्नति के अवसर बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव निरस्त किया गया।
214/17	परिषद के सहायक निदेशक(उद्यान) के पद को उप निदेशक(उद्यान) में उच्चीकृत करने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव निरस्त किया गया।
214/18	लिपिकीय संवर्ग, लेखासंवर्ग एवं आशुलिपिकीय संवर्ग की भॉति अन्य संवर्गो को समानता के आधार पर वेतनमान पुनरीक्षित किए जाने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

सम्पत्ति प्रबन्ध अनुभाग

214/19	व्यवसायिक एवं ग्रुप हाउसिंग भूखण्डो के भुगतान पद्धति के सरलीकरण के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव में उल्लिखित प्रतिबन्धों के साथ अनुमोदित किया गया।
214/20	सर्वशिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षा की सुविधा हेतु शंकरपुरवा द्वितीय में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में श्री रामू पाल पार्षद का पत्र ।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। टोकन लीजरेन्ट पर सम्पत्ति की लीज डीड बेसिक शिक्षा विभाग के नाम पर कराई जाये।
214/21	दयानन्द शिशु शिक्षा मंदिर जूनियर हाईस्कूल समिति लखनऊ को इंदिरा नगर से0–9 में भूखंड संख्या–पी0एस0–9/202स्कूल पक्ष में आवंटित भूमि का स्कूली दर पर किए जाने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव निरस्त किया गया।

भूमि अर्जन अनुभाग

214/22	राजापुर एल0आर0पी0रोड भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना लखीमपुर खीरी की धारा–28 के प्रस्ताव की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	राजापुर एल.आर.पी.रोड भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना लखीमपुर खीरी में उ0प्र0 आवास एवं विकास अधिनियम 1965 की धारा–28 का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/23	उन्नाव भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या–3,उन्नाव ।	उन्नाव भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या–3, उन्नाव में उ0प्र0 आवास एवं विकास अधिनियम 1965

		की धारा–28 का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/24	जनपद गाजियाबाद में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की दिल्ली सहारनपुर मार्ग भूमि विकास एवं ग्रहस्थान योजना के लिये अर्जित की जा रही 1058.061 हेक्टेयर भूमि को कराकर नियमावली–1997 के अन्तर्गत आपसी समझौते से लिए जाने हेतु पुनः प्रतिकर की दर निर्धारण के सम्बन्ध में।	किसानों की मांगो को नियमों के अन्तर्गत विचारार्थ एवं निस्तारण हेतु आयुक्त मेरठ मण्डल, मेरठ को संदर्भित करने का निर्णय लिया गया।
214/25	मंसूरी गुलावटी मार्ग हसनपुर लौढा में (इन्टीग्रेटेड आवासीय योजना के अन्तर्गत) भूमि विकास एवं ग्रहस्थान योजना गाजियाबाद की नियोजन समिति की संस्तुतियॉ एवं धारा–31(1) के प्रस्ताव के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/26	दिल्ली सहारनपुर मार्ग भूमि विकास एवं ग्रहस्थान योजना गाजियाबाद में समाविष्ट खसरा संख्या–2558/2 डा0 वीरसेन सरोहा, पूर्व सदस्य विधान परिषद की भूमि के सम्बन्ध में।	डॉ0 वीरसेन सरोहा, पूर्व विधान परिषद सदस्य की मात्र 1500 वर्ग मी0 भूमि समायोजित करने का निर्णय लिया गया।
214/27	जी0टी0रोड बाईपास भूमि विकास एवं ग्रहस्थान योजना वाराणसी प्रस्तावित क्षेत्रफल 4795.356 एकड़ के स्थान पर 1000–1500एकड़ भूमि अधिग्रहण किए जाने के सम्बन्ध में।	लगभग 1000 एकड़ भूमि पर आवासीय योजना संचालित करने का निर्णय लिया गया।
214/28	जनपद गाजियाबाद में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की दिल्ली सहारनपुर मार्ग भूमि विकास एवं ग्रहस्थान योजना के लिये अर्जित की जा रही 1058.61हेक्टेअर भूमि को करार नियमावली 1997 के अन्तर्गत आपसी समझौते से लिए जाने हेतु निर्धारित प्रतिकर की दर के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

वित्त एवं लेखाअनुभाग

214/29	परिषद कार्मिकों को देय ग्रेच्युटी की सीमा रू0 03.50लाख से बढ़ाकर रू0 10.00 लाख किए जाने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/30	राज्य सरकार के कार्मिकों की भॉति परिषद कार्मिकों के वेतन से की जाने वाली जी.आई.एस.की कटौतियों की दरें पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

विधि अनुभाग

214/31	उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद में विधि परामर्शदाता की नियुक्ति के सम्बन्ध में।	श्री आर0बी0 राय, अपर जिला जज, रामपुर को सेवा निवृत्त के पश्चात दो वर्ष के लिए परिषद में नियोजित करने का निर्णय लिया गया। भविष्य में उ0प्र0 न्यायिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी को ही परिषद में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग

214/32	अपराधों का शमन उपविधि–2009 को उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की योजनाओं हेतु अंगीकृत किए जाने का प्रस्ताव।	उ0प्र0 शासन के आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग की अधिसूचना संख्या 4824/8–3–09–09 विविध/09 दिनांक 14.01.2010 तथा शुद्धि पत्र सं0 547/आठ–3–2010–09 विविध/09 दिनांक 24.2.2010 को अंगीकृत करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/33	अधिसूचना संख्या–1166/8–3–2010–73 विविध/2007 दिनांक 31मार्च 2010 को परिषद में अंगीकृत किए जाने के सम्बन्ध में।	प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
214/34	परिषद की योजनाओ में शासनादेश संख्या 5136/8–3–2008–11 विविध /08लखनऊ दिनांक 25 सितम्बर,2008 के अनुसार क्रियान्वयन के संबध में।	आवास आयुक्त की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष/सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक, सचिव, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, मुख्य वास्तुविद नियोजक की समिति गठित की गयी। समिति के संयोजक मुख्य वास्तुविद नियोजक होगें। समिति सभी बिन्दुओं पर विचार करके अपनी आख्या आगामी बोर्ड बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत करेगी।

अभियंत्रण अनुभाग

214/35	मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के नाम परिषद की योजना संख्या–8, सहारनपुर में 4.00 एकड़ भूमि सहारनपुर विकास प्राधिकरण को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में।	उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की योजना संख्या–8, जनपद सहारनपुर में 4.00 एकड़ भूमि मा0श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत भवन निर्माण हेतु उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रशासन अनुभाग

214/36	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दिए जा रहे वर्दी धुलाई भत्ते की धनराशि में वृद्धि करने के सम्बन्ध में।	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 50 रू0 के स्थान पर 100 रू0 प्रतिमाह वर्दी धुलाई भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया गया।

वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग

214/37	इंटीग्रेटेड आवासीय नीति के अन्तर्गत मैसर्स एल्डिको हाउसिंग एंड इन्डस्ट्रीज लि0 द्वारा प्रस्तावित भूमि लखनऊ–सुल्तानपुर राजमार्ग पर ग्राम–बक्कास, माढरमऊ कला एवं मस्तेमऊ (उ0प्र0) में लाईसेन्स प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में।	इंटीग्रेटेड आवासीय नीति के अन्तर्गत मैसर्स एल्डिको हाउसिंग एंड इन्डस्ट्रीज लि0 द्वारा प्रस्तावित भूमि लखनऊ–सुल्तानपुर राजमार्ग पर ग्राम–बक्कास, माढरमऊ कला एवं मस्तेमऊ (उ0प्र0) में लाईसेन्स प्रदान किए जाने का प्रस्ताव शासन को संस्तुति सहित संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।
214/38	इंटीग्रेटेड आवासीय नीति के अन्तर्गत मैसर्स सामिया इन्टरनेशनल बिल्डर्स प्रा0लि0द्वारा प्रस्तावित भूमि ग्राम गिर्द गोण्डा, परगना तहसील गोण्डा जिला गोण्डा (उ0प्र0) में लाईसेन्स प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में।	इंटीग्रेटेड आवासीय नीति के अन्तर्गत मैसर्स सामिया इन्टरनेशनल बिल्डर्स प्रा0लि0द्वारा प्रस्तावित भूमि ग्राम गिर्द गोण्डा, परगना तहसील गोण्डा जिला गोण्डा (उ0प्र0) में लाईसेन्स प्रदान किए जाने का प्रस्ताव शासन को संस्तुति सहित संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।
214/39	माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय।	————

(मिश्रीलाल पासवान)
अपर आवास आयुक्त एवं सचिव

(एम0वी0एस0रामी रेड्डी)
आवास आयुक्त

अनुमोदित

(नसीमुद्दीन सिद्दीकी)
अध्यक्ष

पुष्टि की गयी

अध्यक्ष